# ABHAR MAHILA SAMITI

## Yearly Report 2014



**Jawhar Road Bhumane Chhep Walo ki Pass**
**Chhatarpur (M.P.)471001**

**Ph.no 07682-242315**

E-Mail:Pradeep_abhar@yahoo.co.in
Abharmahila23@gmial.com

**Website -** www.amschhatarpur.org

# Legal Information about the organization

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Registration No. | SC/4094 dated 18th July 2003 |
| 2 | Area of working | All India urban, rural, tribal and others With a focus on Madhya Pradesh |
| 3 | FCRA No | 0631180014 |
| 4 | Planning Commission NGO Portal Unique ID | No.MP/2009/0014319 |
| 5 | PAN No. | AABTA6299E |
| 6 | TAN NO. | BPLA04984A |
| 7 | 12 A. | 05/15 |
| 8 | 80G | 5/16 |
| 8 | Name of the Bank | State Bank of India, ADB Branch CHHATARPUR (M.P.) |
| 9 | Address | Jawahar Road, Chhatarpur-471001 Madhya Pradesh (India) |
| 10 | E-mail | abharmahila23@gmail.com<br>pradeep_abhar@yahoo.co.in |
| 11 | Contact | # 91-7682-242315, # 91-9424344088 |
| 12 | Website - | www.amschhatarpur.org |

## आभार एक नजर

आभार महिला समिति छतरपुर एक स्वंय सेवी संस्था है। जो जिले में विगत पिछले 14 वर्ष से समाज विकास व जनकल्याण के लिए प्रयास रत्र है। संस्था का उदय वर्ष 2003 में समाजिक कार्यकर्ता श्रीमति आषा देवी खरे ने ग्राम बिलेहरी जिला छतरपुर से की। उन्होने महिला हिंसा के विरुध /षिक्षा /स्वास्थ्य / बाल अधिकार /आजिविका/ जैसे मुद्दो पर कार्य करना प्रारम्भ किया। आभार महिला समिति छतरपुर जिसका कार्य क्षेत्र सम्पर्ण भारत है।

संस्था का उद्धेष्य समाज के ऐसे वर्ग के लिए कार्य करना है जो आज समाज की मुख्य धारा से वचित है या जिन्हे षासन की जनकल्याण कारियोजनाओ का लाभ नही मिल रहा ऐसे वर्ग समुदाय को जागरुक व सगंठित कर कार्य करना ताकी वह आत्मनिर्भर होकर अपने अधिकारो की मागं स्वंय करने लगे तथा समाज में आत्मसम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके।

संस्था मुख्य रुप से कासा भोपाल के सहयोग से वर्ष 2009 से महिला सषक्तिकरण आजिविका जैसे मुद्धदो को लेकर कार्य करना प्रारम्भ किया और आज ग्राम स्तर पर महिलाऐ स्वंय का रोजगार कर अपने व अपने परिवार का सहारा वन कर ग्राम विकास मे अहम भुमिका तय कर रही है।

कार्यक्रम के अनुसार समाज में व्याप्त लिगं भेद को कम करने को लेकर जेन्डर विषय पर कार्य किया जा रहा है वही ग्राम की वास्तविक स्थिति को जानने के साथ षासन की जन कल्याण कारी योजना की लोगो तक पहुच व अन्य स्थिति पर सर्वे कार्य तथा आजिवका जैसे विषय को लेकर कार्य किया जा रहा है।

जिसमें ग्राम स्तर पर समाज में व्याप्त लिगं भेद को कम करने का प्रयास किया जा रहा वही ग्राम स्तर पर लोगो को ग्राम में ही रोजगार उपल्बध हो सके व लोगो को ग्राम ही रोजगार मिल सके ऐसा प्रयास संस्था द्धारा किया जा रहा है।

इस प्रकाषन का उद्धेष्य यह है कि संस्था द्धारा किये गये विकास कार्य के वारे में लोग जाने साथ ही इस कार्य में हमारे ग्रामीण समुदाय से के जुडे लोग जिसमें किसान भाई बहिन युवा साथी व सहयोगी सदस्य जब अपने वारे में लिखी गई वातो को जानेगे तथा उनके छायाचित्र लोगो देखेगे तथा जिला ब्लाक ग्राम स्तर पर इनकी चर्चा होगी तो उनको एक आत्म खुषी मिलगी साथ ही प्रषासनिक अधिकरी उनके वारे में जानेगे तो उनके साथ अन्य ग्रामीण लोगो को भी प्रोत्साहन मिलेगा षासन की जन कल्याण कारी योजनाओ से उनका और अधिक जुडाव हो सकेगा। वह दुसरो के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बन सकेगे।

माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेष षासन श्री षिवराज सिह चोहान द्धारा जिले में उत्ष्कुट कार्य करने के लिए संस्था को वर्ष 2012.13 के लिए किया गया पुरुस्कृत ।

अध्यक्ष
**प्रभाति प्रदीप खरे**
आभार महिला समिति छतरपुर

## ग्रामीण लोगो को मिला आय का सहारा



संस्था द्वारा परियोजना के कार्य क्षेत्र के 15 ग्रामो मे ग्राम के ऐसे वर्ग समुदाय के लिए चिन्हित किया गया जिसके पास आय को कोई सहारा नही है या जो लोग निषक्त है वेसहारा है ऐसे वर्ग समुदाय के लोगो का चयन किया गया और ब्लाक के 10 ग्रामो मे 10 लोगो को सुक्ष्म स्वरोजगार उपल्बध कराये गये जिसमे किराना की दुकान जनरल स्टोर मनहारी अण्डा मछली साईकिल रिपेरिगं जैसे दुकान लोग को खुलाई गई।

## जैविक कृषी जागरुकता कार्यक्रम



जिले में जैविक कृषी को बढावा देने के प्रयास से ग्राम स्तर पर कृषी मेला का आयोजन किया गया जिसमें लोगो को जैविक कृषी के वारे मे वताया गया और लोगो को जैविक खादृय की आवष्यकता और उसके महत्व पर जानकारी दी गई। जैविक कृषी को बढावा मिले इसके लिए कृषी विभाग के सहयोग से लोगो को एक्सपोजर कराया गया जिसमें 35 किसानो ने सात दिवस तक जैविक कृषी के वारे मे जाना व उसकी वारिकीयो को देखा और आज कई किसान इसका प्रयोग अपने स्तर पर कर रहे है।

## नामंकुर योजना–जिला सम्मेलन



नामंकुर योजना के अर्न्तगत संस्था द्वारा 10 ग्रामों में समाज विकास कार्यक्रमो का संचालन किया गया जिसमें आओ वनाये अपना मध्यप्रदेष के तहत लोगो को जागरुक करने का प्रयास किया गया और ग्राम स्तर पर भिन्न प्रकार की गतिविधियो का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य षिक्षा जल सरंक्षण कृषी को लाभ का धन्धा कैसे वनाये तथा समस्त ग्राम के लोग सी. एल.एफ का उपयोग करे पर जोर दिया गया साथ ही ग्राम के ऐसे बच्चे जो स्कुल छोड चुके है या पलायन होने के कारण स्कुल नही जातें ऐसे बच्चो को चिहिन्त कर षाला मे प्रवेष दिलाना ग्राम के पात्र व्यक्तियो को षासन की जन कल्याण कारी योजनाओ का लाभ मिल सके ऐसा प्रयास इस योजना के अर्न्तगत किया गया। ग्राम स्तर पर गठित प्रस्फुटन समितियो को सषक्त कर ग्राम विकास की योजना तैयार करना व ग्राम की प्रातिक धरोहर के सरक्षण के लिए प्रयास करना व उनकी देख भाल की व्यवस्था की गई और आज इस योजना से 230 लोंग जुड कर कार्य कर रहे है।

## बेटी बचाओ कार्यक्रम

देष व जिला स्तर पर आये दिन कम हो रही बेटियो की सख्या व बढती महिला हिसां को देखते हुय संस्था द्वारा जिले में बेटी बचाओ अभियान की षुरुआत की गई जिसमे जिले की विधायक श्रीमति ललिता यादव ने हरी झडी दिखा कर यात्रा की षुरुआत की गई ।जिसमे जिले के दो ब्लाक के 30 ग्रामों मे यह यात्रा निकाली गई। जिसमे ग्राम के लगभग 7500 लोगो को यह संदेष देने का प्रयास किया गया की बेटीओ को समान अधिकार व समान षिक्षा मिले ऐसे ऐसे प्रयास किया गया था। साथ ही स्कुला कालेज मे  निबंध प्रतियोगिता तथा चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तथा प्रतियोगिता मे बालिकाओ को पुरुस्कार वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में नौगाव/छतरपुर की सेकडो किषोरी बालिकाओ ने सहभागिता की।



## विकंलाग स्वरोजगार कार्यक्रम

संस्था द्वारा संचालित स्वरोजगार योजना के अर्न्तगत 15 ग्रामें के 72 ग्रामीण विंकलाग बालक बालिकाओ को स्वरोजगार प्रषिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे ग्राम के 45 महिला पुरुषो ने सहभागिता रही मोटर बाडिगं/लिफाफा/अगरवती निर्माण के साथ संस्था द्वारा ग्राम के ऐसे वर्ग समुदाय के लोगो को स्वरोजगार से जोडा गया ।वही विकंलाग अपने आपको असाहय सा मेहसूष न करे इसके लिए समाज कल्याण विभाग के सहयोग से 17 लोगो को ट्राई साईकिल वितरण उपल्बध कराई गई वही विभाग द्वारा आयोजित सम्मेलन मे संस्था द्वारा सहयोग करते हुये ऐसे नव युवा वर्ग समुझाय के लडके लडकियों को पंजिकत कराया गया जो आथिक रुप से कमजोर है या जिन्का विवाह नही हो रहा ऐसे वर्ग समुदाय के लोगो को सामूहिक विवाह योजना के तहत पंजिकृत कराया गया और विवाह कराया गया।



## जेन्डर कार्यषाला




समाज मे महिलाओ को पुरुषो के समान बराबरी का हक मिल सके तथा वह अपने अधिकार जान पाये इस उद्वेष्य को लेकर संस्था द्वारा ग्राम मे गंठित महिला समुह व ग्रामीण जन के अनेक स्तर पर कार्यषाला व जागरुकता बैठको का आयोजन किया गया जिसमे समाजिक लिग भेद क्या है तथा जेन्डर किसे कहते है को लेकर लोगो की समझ विकसित करने का प्रयास किया गया जिसमें 17 ग्रामो की 275 महिलाओ को प्रषिक्षण दिया गया । वही महिलाओ पर हों रही हिंसा के विरुध महिलाओ को जागरुक किया गया तथा घर परिवार मे लडका लडकी को बरावर का दर्जा मिले इसको लेकर जानकारी दी गई। साथ ही ग्राम स्तर पर महिला प्रतिनिधी नियुक्त किया गया व एक टीम का गठन किया गया की अगर किसी महिला पर किसी भी प्रकार की हिंसा होती है तो उसको किस तरह से हल किया जा सकता है ।व घरेलू हिसा अधिनियम 2005 क्या है इसके अर्न्तगत क्या क्या प्रावधान है। जैसे विषय पर संघन रुप सेकार्य किया गया और आज ग्रामीण महिलाऐ अपने अधिकार के वारे मे जान सकी है तथा महिलाओ पर हो रही हिसां के विरुध लोगो पर प्रकरण दर्ज किये जा रहे है।

## स्वास्थ्य षिविर का हुआ आयोजन




जिले में अगर स्वास्थ्य सुविधाओ की वात करे तो जो स्थिति निकल कर सामने आती है वही काफी देयनीय है जहा पर बच्चे कुपोषित है बच्चो का नियमित टीकाकरण नही हो रहा वही महिलाओ मे खुन की कमी है ग्रामीण महिलाऐ लिकोरिया जैसी बिमारी से ग्रस्त है तो दुसरी ओर गर्भवती माताओ का नियमित स्वास्थ्य परिक्षण नही किया जाता न ही टीकाकरण हो रहा तो किषोरी बालिकाओ न ही स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है। ग्राम की ए.एन. एम नही आती बुर्जाको का ईलाज नही हो रहा कई लोग ऐसे है जो स्वास्थ्य सुविधाओ के अभाव मे दम तोड चुकी है। ऐसी स्थिति को देख कर संस्था द्वारा ग्रामों में षासकीय स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 43 स्वास्थ्य षिविरो का आयोंजन किया गया तथा मुफ्त मे दवा वितरण की गई व लोगो का नियमित स्वास्थ्य परिक्षण किया गया और गम्भीर लोगो को जिला या जिले के बाहर उपचार कराने की सलाह दी गई।

## क्षय रोग जागरुकता अभियान

इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम स्तर पर लोगो को टी.बी. की बिमारी के वारे मे वताया गया तथा जो लोग




पहले से इस विमारी से ग्रस्त है उनका नियमित परिक्षण कराने का प्रयास किया गया और स्लाईड तैयार कराई गई वही बिमारी से ग्रस्त व्यक्ति को नियमितद वा लेने के साथ दवा दिलाई गई और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से उन सभी व्यक्तीयो का वगंलम ले कर परिक्षण कराया गया व जानकारी दी गई`की किस तरह से यह बिमारी व्यक्ति को परेषान करती है और यह बिमारी परिवार मे अगर किसी को हो गई तो परिवार के दुसरे व्यक्ति को होने की पुरी सम्भावना वनी रहती है। और अगर व्यक्ति ने बिमारी के दोरान दवा खाना छोड दिया या रुक रुक कर दवा ली तो यह बिमारी और घातक हो ताजी है और एक वार यह बिमारी रजस्टेंष्न मेब इल गई तो व्यक्ति का बचाना मुषिकल हो जाता है और इसके ईलाज का खर्च काफी गुगिा है। इस तरह से इस बिमारी के प्रति लोगो को जागरुक किया गया और परिक्षण करा कर लोगो को बिमारी से मुक्त कराने का प्रयास किया गया।

## जल सरक्षण कार्यक्रम



कासा भोपाल के सहयोग से ग्राम स्तर पर जल सरक्षण को लेकर कार्य किया गया जिसमें ग्राम स्तर पर प्राकृतिक जल स्त्रोतो का रख रखाव तथा कुओ का गहरी करण व पानी को रोकने के लिए बोरी बंधान तथा तालाब की साफ सफाई हेड पम्प की मरम्मत सोखता गडा जैसे कार्य के माध्यम से ग्राम स्तर पर जल सरक्षंण के लिए प्रयास किया गया। जिसका आज कई ग्राम के लोगो को लाभ मिल रहा है। और पानी का दुरउपयोग को कम किया जाने का प्रयास जारी है।

## महिला सषक्तिकरण कार्यक्रम




महिलाओ को उनका हक मिले वह अपने अधिकार जान सके तथा अपने परिवार के लिए समाजिक वा आर्थिक रुप सहयोग कर सके व आर्थिक रुप से वह मजबुत वन सके इसके लिए ग्राम स्तर पर महिला समुहो का गठन किया गया जिसमें 378 महिलाऐ जुउ कर कार्य कर ही है जो 30 से 100 रुपयें प्रति माह मासिक बचत जमा कर स्वंय का रोजगार कर रही है या अपनी बचत करके परिवार बच्चो को सहयोग प्रदन कर रही है।

## गठित समूहो व किसान मण्डल बैठक का आयोजन किया गया।

**प्रक्रिया–** ग्राम के लक्ष्य समुदाय के साथ महिला मण्डल के गठन को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया। महिलाओ के साथ संगठन के महत्व, उपयोगिता, आवाष्यकता और आगामी समय मे किस तरह से जुड कर कार्य कर सकते है इसको लेकर चर्चा की गई। साथ ही सामूहिक रूप से आगामी रणनीति, समूह के संचालन, बचत को लेकर विचार विर्मष कर महिला मण्डल का गठन किया गया।




आभार महिला समिति द्वारा ग्राम रनगुवा मे महिला मण्डल का गठन करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे संस्था पदाधिकारी सहित लक्ष्य समुदाय की महिलाए उपस्थित रही। बैठक मे कुल 40 प्रतिभागी शामिल हुए। मीटिंग की शुरूआत परिचय सत्र के साथ ज्योति जी द्वारा की गई जिसमे उन्होने अपना परिचय देते हुए संस्था का परिचय और कार्यक्षेत्र के बारे मे बताया। बैठक मे महिलाओ के साथ सामूहिक चर्चा कर मण्डल के महत्व, उपयोगिता, अवाष्यकता और मण्डल फैडेषन के साथ जुड कर कैसे काम करेगा और मण्डल से जुडकर महिलाए कैसे आर्थिक रूप से सशक्त हो कर कार्य किया जा सकता है इसको लेकर चर्चा की गई।

## युवा रोजगार प्रषिक्षण




ग्रामीण स्तर पर कार्य करने के दोरना पाया गया की ग्राम स्तर से लगातार युवा गर्व ग्राम से षाहर की ओर पलायन कर रहे है।क्योकि ग्राम स्तर पर किसी को रोजगार नही मिल रहा तथा षासन द्धारा जिनको रोजगार दिया जा रहा है वह पर्याप्त नही है साथ ही उसका समय पर पैसा नही मिलता व जरुरत मंद को काम नही है ऐसी स्थिति को ध्यान मे रख कर संस्था द्धारा युवा रोजगार प्रषिक्षण का आयोंजन किया गया और जिसमें 117 किषोरी बालिकाओ और युवा वर्ग के लिए प्रषिक्षण दिया गया जिसमें कप्युिटर मोटर बाईडिग सिलाई के साथ अन्य प्रषिक्षण दिलाये गये और उ़घोग विभाग के कार्यक्रम समन्वयक श्री अनुराग खरे के माध्यम से बैक ऋण और प्रकिया के वारे मे वताया गया साथ ही प्रषिक्षण केन्द्र नोगॉव से भी प्रषिक्षण लेकर आज कई युवा वर्ग स्वंय का व्यवसाय कर रहे है।

## मेंड बंधान कार्यक्रम

आजिकवा परियोजना के माध्यम से ऐसे किसान जिनके पास खेत तो है पर उसमे पानी भर जाता है या फसल को नुक्सान हो रहा है ऐसे एक से दएकड वाले किसानो का चयन कर के संस्था द्वारा मेड बंधान का कार्य किया गया जिसमें 15 किसानो को आज तक जोडा जा चुका है।

## अनाज/बीज बैक



ग्राम स्तर पर देखने मे आता है की कई ऐस परिवार है जिनके पास खाने को अनाज नही है या खेती के लिए वोने के लिए वीज नही है। ऐसे परिवारो को समय पर व वीना पैसा के ग्राम स्तर पर ही बीज/अनाज मिल सके इसके लिए 15 ग्रामें में 15 अनाज/बीज बैक को गठन किया गया जिसमें 75 महिलाऐ मिल कर कार्य कर ही आज की सिति में इन बैको के पास 10 कुन्टल 35 कि.लो अनाज जमा किया गया है । इस योजना से जुड कर आज कई परिवार किसान लाभ ले रहे है।

## किचिन ग्रार्डन कार्यक्रम

संस्था द्वारा आजिविका को ध्यान रखते हुये ग्राम स्तर पर कार्य किया गया और देखा गया की ग्राम के लोगो के पास न आजिविका है नही गरीब परिवारो को पोषण युक्त भोजन मिल पा रहा है ऐसे परिवारो को चिन्हित किया गया और देखा गया किस किस किसाम के पास जगह है और पानी के छोटे से साधन है ऐसे किसानो को चयन करके जागरुक किया गया और 174 लोगो को किचिन ग्रार्डन से जोडा गया । जिसमे टमाटर / अदकर/ मिर्च/ गोभी / आलू / वेगन जैसी सवजी लगाकर लोगो को आजिविका देने का प्रयास किया गया वही लोगो को पोषण युक्त भोजन मिल सका।

## नाडिप/बर्मी कमपोस्ट निर्माण



जैविक कृषी को बढावा देने के उद्धेंष्य से ग्राम स्तर नाडिप /वर्मीक्पोट निर्माण कराये गये ताकी लोग जा सके की नाडिप क्या है इसका उपयोग कैसे करते है तथा इसकी खादृय का कितनी उपयोगी है इसको लेकर ग्राम स्तर पर निामर्ण कार्य किया गया वही वर्मीकम्पोट निर्माण कराये गये ताकी ग्राम के किसान केचुया खादृय के वारे मे जाने तथा उसका उपयोग अपनी खेती के लिए कर सके । साथ ही संस्था द्वारा इसके वाद कृषी विभाग के सहयोग से ग्रामीण किसानो के आवेदन लगाये ताकी वही नाडिप /वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कराये और जैविक कृषी को प्राथमिकता के साथ अपनाये इसी को ध्यान मे रख कर 15 नाडिप व 5 वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कराय गया।

## ग्राम सभा जागरुकता अभियान




पंयायत को और अधिक बल मिले और लोग ग्राम सभा के महत्व को जान सके इसके लिए संस्था द्वारा ग्राम सभा चलो अभियान चलाया गया जिसके लिए 15 पंचायत मे ग्राम रथ निकला गया और ग्राम स्तर पर जागरुकता बैठको का आयोजन किया गया जिसमें लोगो को ग्राम सभा की आवष्यकता तथा ग्राम सभा की कार्य वाही पर जानकारी दी गई और वताया गया की यह ग्राम सभा वर्ष मे चार वार ही होती है और प्रत्येक

व्यक्ति इ समे हिस्सा ले सकता है और उसको अपनी वात रखने का पुरा अधिकार है साथ ही वह ग्राम मे किये जा रहे कार्य या ग्राम विकास मे कितना पैसा आया खर्च हुआ जैसी जानकारी भी देना व लें सकता है तो सभी लोग ग्राम सभा मे जाये और अपनी वात को रखे और ग्राम विकास मे अपनी संघन भागेदारी तय करे।




## मनरेगा जागरुकता/सगंठन

ग्राम के पात्र लोगो को योजना का लाभ मिल तथा पात्र व्यक्तियो को समय पर काम मिले काम के स्थान पर प्रावधान के अर्न्तगत सुविधा मिले इन वातो को ध्यान मे रख कर ग्राम स्तर पर नरेगा समुह का गठन किया गया जिसमें 15 से 20 लोगो को जोडा गया है ताकी ग्राम के काम करने वाले लोगो को किसी तरह की समस्या न हो और अगर कोई समस्या आती है तो इसको किस तरह से हल किया जाये इसके लिए इस सगंठन का गंठन किया गया और यह सगंठन ग्राम से लेकर जिला स्तर तके सक्रिय होकर कार्य केर ऐसा प्रयास किया जा रहा है वर्तमान मे सगंठन ने तय कियाहै की वह छोटी छोटी बचत कर के सगंठन की आवष्यकता को पुरा करने के लिए फड जमा किया जाये ताकी समय आने पर किसी से पैसा न लिया जाये वही इस सगंठन को और अधिक बल मिल सकेगे इसके लिए सगंठन का पंजिनय कराया जायेगा ताकी वह कानुनी रुप से अपने कार्य को कर सके ऐसा प्रयास जारी है।

## सुचना केन्द्र का संचालन

ग्राम के लोगो को समय पर सही जानकारी मिले और लोग योजनओ का लाभ उठाये इसको ध्यान मे रख कर ग्राम बरद्वाहा मे जन सुचना केन्द्र की स्थापना की गई जिसमें षासन की तमाम योजनाओ से जुडी जानकारी जमा की गई है। और सभी प्रकार के आवेदन एकत्र है। जो पंचायत से सम्बंध है । क्योकि देखने मे आता है की ग्रामीण लोगो को योजनाओ की जानकारी या कानुनी जानकारी न होने के कारण योजना के लाभ परिवार के लोग वचित रह जाते है इसको को ध्यान मे रख कर संस्था द्वारा सुचना केन्द्र की स्थापना की गई है जो बारह घन्टे अपनी सेवाऐ लोगो को प्रदान कर रहा है।

## प्रषिक्षण कार्यक्रम

संस्था द्वारा समय समय पर ग्रामीण विकास को ध्यान मे रख कर कार्य किया जा जिसमे ग्राम का कोई भी वर्ग छुट न पाये इसको ध्यान मे रखा गया और कोषिस की गई की वर्ग की आवष्यकता और महत्व को देखा जाये और ग्राम से कम सके कम पलायन हो लोगो को ग्राम मे ही रोजगार मिले लोग अपने परिवार का भर पोषण करे सके इसके लिए प्रत्तेक स्तर पर प्रषिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसका लाभ ग्रामीण लोगो को मिला और आज कई परिवार के लोग एक मजबुती रुप मे काम कर रहे है।



## आयोजित की गई जन सुनवाई

*ग्रामीण जन को उनका सही हक मिल और काम का पुरा दाम मिले इसी को ध्यान मे रख कर ब्लाक व जिला स्तर पर जन सुनवाई कार्य किया गया इसके लिए पहले ग्राम स्तर पर सर्वे कार्य किया गया उसके वाद लोगो की समस्याओ को चिहिन्त किया गया और लोगो को इसके लिए तैयार किया गया की वह अपनी वात को मिडिया व जिला प्रषासन के सामने रखे ।इस तरह से जन सुनवाई का आयोजन कियागया जिसमें ग्राम के 300 से 400 लोगो ने अपनी समस्याओ को प्रषासन के सामने रखा और प्रषासन ने कार्यवाही करते हुये लोगो को आवसषन दिया की उनको उनका हक दिया जाये पात्र लोगो को योजनाओ से जोड कर अपात्र लोगो के विरुध कार्यवाही की जाये।*

## अन्तर्राष्टिय महिला दिवस का आयोजन किया गया



महिलाओ को उनका हक दिलाने के प्रयास से और ग्रामीण महिलाऐ यह जान सके की अन्तर्राष्टिय महिला दिवस क्या है उसको प्रति वर्ष क्यो मनाया जाता है इसके पीछे वहज क्या है संस्था द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 15 ग्रामो की 270 महिलाओ ने सहभागिता की और संस्था प्रभाति खरे द्वारा इसके वारे मे विस्तार से वताया गया साथ ही ग्रामीण महिलाओ के साथ कुर्सी तोड गीत संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और जिन्हो अपने जीवन मे संघर्ष किया ऐसी महिलओ को पुरुस्कार दिया गया। साथ ही ग्रामीण महिलाओ द्वारा इस खुषी के अवसर पर 5 कि0लो का केक काटा गया और अध्यक्ष द्वारा सभी महिला साथियो को वितरण कर इस खुषी का ईजहार किया गया।

## खादृय सुरक्षा अभियान




गरीबो को उनका पुरा अधिकार मिल तथा षासन की खादृय सुरक्षा योजना का पुरा लाभ मिले इसके लिए ग्राम स्तर पर जागरुकता खादृय सुरक्षा अभियान चलाया गया जिसमें सोसायटी द्वारा गरीबो को दिये जाने वाली खादृय सामग्री को समय पर मिले तथा पुरा राषन मिले इसके लिए लोगो को जागम्क किये जाने का प्रयास किया गया तथा खादृय सुरक्षा पर वनाये गये कानून के वारे मे वताया गया साथ ही जिसमें 459 ग्रामीण जन ने सहभागिता कर अपने अधिकारो को जाना व समझा । साथ ही उनकी मागो को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और प्रषासन को उन मांगो को सोपा गया।

## नेटर्वक रिजनरल मिटिग

आभार महिला समिति छतरपुर द्वारा दिनांक 29/09/2013 को कासा भोपाल के सहयोग से होटल जटा षंकर पेलिस छतरपुर मे प्रातः 11 बजे से बी.बाम. नेटर्वक रिजनल मनरेगा कार्यषाला का आयोजन किया गया। जिसमें नेटर्वक से जुडे 25 साथियो के अलावा कासा भोपाल से कार्यक्रम समन्वयक श्री तपन जी मुख्य रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आभार महिला समिति छतरपुर/बी.बाम से प्रदीप कुमार ने किया जिसमे उन्होने सभी का आभार व्यक्त करते हुये कार्यषाला का उद्धेष्य वताया की आज की कार्यषाला मुख्य रुप से सगंठन की मजबुती के साथ बी.बाम की कार्यकारणी के पुनः गठन तथा आगमी समय पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की रुप रेखा तय करना है। कार्यक्रम को आगे बढाते हुये डा0 देवेन्द्र श्रीवास्तव ने आज दिनांक तक किये गये कार्यक्रम की जानकारी के साथ बी.बाम के अव के सफर के वारे मे वताया कि बी.बाम मुख्य रुप से 5 जिले कासा पार्टनर के साथ डारेक्ट जुड कर कार्य कर रहा है जिसमें प्रत्येक जिले मे कासा की पार्टनर संस्थाओ के माध्यम से कुछ छोटे छोटे कार्यक्रमो का आयोजन विगत वर्षो से किया गया जा रहा है। जिसमें जिला ब्लाक स्तर पर



संस्थाओ के नेटर्वक को मजबुत करने के साथ ग्राम स्तर पर लोक संवाद समितिया गंठित की गई है। जिनके साथ समय समय पर कार्य किया जा रहा है।

## लोगो को मिला नरेगा मे काम



**उद्धेष्य**—नरेगा कानून के बारे मे जन समुदाय को जानकारी देना साथ ही उनके आवेदन तैयार कर उनको रोजगार दिलाने का प्रयास करना है। आभार महिला समिति द्वारा अतरार और रनगुवा मे eujsxk ds vUrxr जन समुदाय को रोजगार उपलब्ध कराने के उ्द्धेष्य से ग्रामो मे मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे संस्था पदाधिकारी ज्योति रैक्वार, राखी अरजरिया, पुष्पेन्द्र सिंह बुन्देला सहित किसान मण्डल, युवा मण्डल एंव नरेगा ग्रुप के सदस्य शामिल हुए। मीटिंग मे कुल 45 प्रतिभागी शमिल हुए। मीटिंग मे चर्चा के दैरान नरेगा के अन्तर्गत काम प्रक्रिया, नियम, प्रवाधानो पर प्रमुखताः से चर्चा की गई। लोगो को आवेदन करने की तरीके और कैसे कानून का प्रयोग करके अपने अधिकारो को पाया जा सकता है उसको लेकर सामूहिक चर्चा की गई। चर्चा के दैरान लोगो ने मनरेगा अन्तर्गत आने वाली समस्याओ और परेषानीयो को रखा साथ ही संस्था पदाधिकारीयो के द्वारा उन्हे बताया गया कि कैसे वे मनरेगा अन्तर्गत काम कर अपने वित्तीय वर्ष मे 100 दिन का रोजगार प्राप्त कर सकते है। आगे मनरेगा के अन्तर्गत काम करने वाले इच्छुक जांबकार्ड धारक हितग्राहीयो के आवेदन तैयार का सरपंच को दिये गये।

## ग्रामो मे चलाया गया खादय सुरक्षा अभियान




संस्था द्वारा ग्राम रनगुवा, पिपैराकला, पनोठा, अतरार, कदवा, पिपैराखुर्द, ग्रोची, हिम्मतपुरा मे बैठको के माध्यम से खादय सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अभियान मे संस्था के कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप खरे, ज्योति रैक्वार, राखी अरजरिया, लक्ष्य समुदाय के लोग सहित ग्राम जन प्रतिनिधि सरपंच, सचिव, पंच सहित कुल 284 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमे 87 महिला और 197 पुरूष प्रतिभागी है। बैठक मे लोगो को सामूहिक चर्चा के माध्यम से खादय सुरक्षा की स्थिति, वितरण व्यवस्था को चर्चा की गई और हो रही अनियमित्ताओ और कलाबाजारी को रोकने और व्यवस्थाओ मे सुधार करने के उद्द्धेष्य से आगामी रणनीति तैयार की गई। जिसके परिणाम स्वरूप ग्राम पिपैराकला के लोगो ने अपनी वितरण सम्बन्धि समस्या को खादय अधिकारी के सामने रखा। ग्राम अतरार के लोगो ने ब्लाक मे रातो रात विक रहे राषन को पकडाया। वही बरद्धहा के लोगो ने तहसीलदार के सामने कोटेदार को बदलने की बात रखी। **परिणाम**— कार्यक्रम के परिणामस्वरूप खादृय सुरक्षा योजना मे 02 ग्राम पिपैराकला और बरद्धहा मे राषन की वितरण व्यवस्था मे सुधार हुआ। लोगो को प्रत्येक माह सही मात्रा मे राषन उपलब्ध होने लगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से लक्ष्य समुदाय के 146 परिवारो को मासिक खादय उपलब्ध होने लगा है।

## ग्राम के लोगो ने वनाया ग्राम विकास प्लान

आभार महिला समिति द्धारा तय दिनांकनुसार तय ग्रामो मे ग्राम विकास के लिए माईक्रो प्लान तैयार करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे संस्था पदाधिकारी ज्योति रैक्वार, राखी अरजरिया, एवं पुष्पेन्द्र सिंह बुन्देला सहित ग्राम के गठित मण्डल समूह के अध्यक्ष सचिव उपसरपंच, ग्राम के अन्य सहयोगी व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत परिचय सत्र के साथ किया गया जिसमे उन्होने बताया कि आज की बैठक का मुख्य उद्द्धेष्य ग्राम विकास के लिए एक ऐसी कार्ययोजना तैयार करना है जिससे ग्राम का हर स्तर पर विकास कार्य हो सके। जिससे हम सभी लोग मिल कर ऐसी कार्य योजना तैयार करे सके जो ग्राम विकास एंव लोगो की अजीविका सुनिष्चित करने के लिए सहायक हो।



राखी जी ने बताया कि आज की बैठक का आयोजन इसलिए किया गया है कि आप लोगो के साथ मिलकर ग्राम विकास के मुद्दो को तय किया जा सके। पिछले साल भी कुछ ग्रामो मे ऐसे ही मुद्दो को चयनित कर ग्राम सभा मे प्रस्तुत किया गया था जिनसे से 04 काम स्वीकृत भी हुए थे। इनमे से दो हैण्डपम्प, पक्की नाली, अैार एक कुऐ की जगत बनाने का काम स्वीकृत किया गया था। ग्राम मे कोई भी ऐसी समस्या जिससे समुदाय के लोग प्रभावित हो रहे है तो उस समस्या के निराकरण के लिए ग्राम सभा के बीच अपनी बात को रखा जा सकता है।

इसी प्रकार इस बार आप सभी लोग मिल कर ऐसे मुद्दो को चयनित करे जो पंचायत स्तर पर कराये जा सकते है। जिस पर लोगो ने अपने कुछ व्यक्गित अैार समुदायिक दोनो प्रकार की कार्य को कार्ययोजना मे शामिल किया। बैठको के दैारान लक्ष्य सामुदाय के सहयोग से कुल 32 माईक्रो प्लान तैयार किये गये। इन 32 माईक्रो प्लान मे 24 प्लान लक्ष्य समुदाय के स्वरोजगार सम्बन्धि थे और बाकी 08 पंचायत अन्तर्गत किये जाने वाले थे। आम स्वीकृत एवं जन सहयोग से तैयार किये गये माईक्रोप्लान को ग्राम सभा मे प्रस्तावित किया गया। जिनमे से 07 (01 बाजार बैठकी, शमषान घाट, 01 एच0एम0आर0 कक्ष तथा 04 सी.सी. रोड) कार्य पूर्ण हो चुके है।

## ग्राम मे गठित की गई नरेगा समिति

प्रदीप जी ने बताया कि ग्राम स्तर पर नरेगा की समस्या को देखते हुए आपके ग्राम मे नरेगा गुप का गठन किया गया है। हम सभी को एक बार इस संगठन को सषक्त व मजबूत करने की आवष्यकता है जब संगठन एक बार ठीक व सही रुप में काम करने लगता है। तो धीरे धीरे समस्याऐ कम होने लगती है। इसके लिए आवष्यक है कि हम सभी लोग मिल कर अपने इस संगठन को मजबुत करे। आवाष्यक है कि हम अपने मण्डल की नियमित बैठक करे साथ ही आगामी किये जाने वाले कार्यो के बारे मे विधिवत् कार्ययोजना तैयार करे।




साथ ही उन्होने बताया कि हमारा जो ये मण्डल है ये सिर्फ नरेगा के अन्तर्गत ही काम नही करेगा बल्कि जो ग्राम मे हमारे अन्य जो मण्डल बने है उनके साथ भी मिलकर काम करेगे जैसे अभी हमारे ग्राम मे महिला मण्डल, किसान मण्डल और युवा मण्डल बनाये गये है इसके साथ जैसे कभी ग्राम विकास के मुद्दो को लेकर बात करनी है तो सभी मण्डल एवं संगठनो को मिलकर काम करना पडेगा। जैसे अभी 15 अगस्त को सभी ग्राम पंचायतो मे ग्राम सभा का आयोजन होने को प्रवाधान है लेकिन आज तक किसी भी पंचायत मे ग्राम सभा का आयोजन नही किया गया है। लेकिन इस बार आप सभी लोगो को ग्राम सभा का आयोजन कराना ये ग्राम सभा सभी ग्राम वासीयो एवं ग्राम विकास मे एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। क्योकि इसी ग्राम सभा मे तय किया जाता है कि आगामी समय मे ग्राम मे क्या–क्या कार्य किये जाना है।

आगे प्रदीप जी ने कहा कि आप लोगो को पिछली मीटिंग मे जो भी बताया गया था और जो नियमावली तय की गई थी उसी के अन्तर्गत काम करना है। और एक बात आवष्य ध्यान रखे की नरेगा के अन्तर्गत आपको लिखित आवेदन देना है साथ ही उसकी पावती भी अपने पास रखना है। इस प्रकार मीटिंग मे महत्व उसकी उपयोगिता और आवाष्यकता को लेकर चर्चा की गई। संगठन को सषक्त व मजबूत करने के लिए सदस्यो द्वारा विचार–विर्मष कर कुछ नियम तय किये गये–

## बच्चो का घोषण पत्र



आभार महिला समिति छतरपुर बच्चो के अधिकारो को लेकर कार्य किया जा रहा है जिससे षासन द्वारा चलाई जा रही योजनओ का लाभ समाज के ऐसे वर्ग समुदाय के बच्चो को मिल सके जो आज अपने अधिकार से बचित है या ऐसे बच्चो को षासन की योजना का लाभ मिल षिक्षा का अधिकार प्राप्त हो इसके लिए संस्था द्वारा तीन जिलो मे समाज के जिम्मेदार जन प्रतिनिधी राज नेता से सर्म्पक किया गया तथा बच्चो को उनका हक मिले इसके लिए बच्चो ने अपना घोषणा पत्र छतरपुर एवं टीकमगढ जिला विधायको को सोपा जिसमे छतरपुर टीमकगढ पन्ना मे हजारो बच्चो ने अपनी मागं को रखा।

## सर्वे कार्यक्रम

संस्था द्वारा समय समय पर समाज से जुडे तमाम मुद्धे को लेकर अध्यन किया जाता रहा है और किया जा रहा है वर्तमान मे संस्था द्वारा तीन पुस्तको का प्रकाषन भी किया गया जिसमे जिले मे महिलाओ पर दिन प्रति दिन घट रही घटनाओ का विवरण किया गया है वही जिले से दिन प्रति दिन ग्रामो से हो रहे पलायन को लेकर भी कार्य किया गया ।संस्था द्वारा जो पुस्तके प्रकाषन की गई है उनमे महिलाऐ नही मेहफुज महिलाओ के बढते कदम व महिला हिसा को कम करने तथा हिसा के प्रति कोन कोन से नियम कानून हो सकतें है पर यह प्रकाषन किये गये है।

## चुनाव जागरुकता कार्यक्रम

सारे काम छोड दो पहले बोट दो कार्यक्रम के अर्न्तगत 25 पंचायतो मे जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया जिसमे लोगो को बोट के प्रति जागरुक किया गया वही हमारा नेता कैसा हो तथा वोट के महत्व तथा वोट डालने की प्रकिया से ग्रामीण जन को अवगत कराया गया जिसमे पोस्टर नुक्डन नाटक दिवार लेखन किया गया।




31/03/201

सहयोग
**आभार टीम**